SHORT DURATION DISCUSSION—(Contd.)

Atrocities on women in the country

श्रीमती माया सिंह (मध्य प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने का जो मौका दिया है, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं। महोदय, भारतीय समाज का एक पक्ष रिश्तों से और मर्यदाओं से बंधा हुआ है।यह पक्ष कितना सुखद और कितना सुन्दर है, लेकिन जब दूसरे पक्ष की ओर से देखते हैं तो कितना भयावह औऱ घृणित नजर आता है, जिसकी चर्चा आज हम यहां सदन में कर रहे हैं। महोदय, जब हम एक तरफ महिलाओं के सशक्तिकरण उसके अधिकारों और समानता के हक की बात करते हैं तो इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सबसे पहला पड़ाव आता है, उन्हें उत्पीड़न औऱ शारिरिक हिंसा से मुक्त कर सुरक्षित माहौल देने का, तभी वे आगे बढ़ सकती है। लेकिन देश में महिलाओं के प्रति अत्याचार बेतहाशा बढ़ रहे हैं। यह हमारे लिए बड़े शर्म की बात है। हमारे समाज में महिलाएं मानसिक व शारीरिक रूप से हिंसा औऱ अत्यचार की शिकार बड़ी संख्या में हो रही है। खासकर दलित, शोषित औऱ अनपढ़ महिलाएं ।यह भी नहीं कहा जा सकता कि पढ़ी-लिखी औऱ उन्नत वर्ग की महिलाएं अत्याचार से परे हैं। वे भी उत्पीड़न और अत्याचार की शिकार है। वर्तमान में हामारे जो कानुन हैं, जो कानुनी प्रावधान है, वे महिलाओं को अत्याचार, उत्पीड़न और हिंसा से मुक्त कराने में काफी हद तक नाकाफी साबित हो रहे हैं। समाज में महिलाओं को चुड़ैल औऱ डायन कहा जाए, विधवाओं को अशुभ माना जाए, महिलाओं को बांझ कहकर अपमानित किया जाए, दहेज के लिए महिलाओं को जिंदा जला दिया जाए, आज अनेक तरह के शारीरिक औऱ मानसिक शोषण की इंतहा है गई है. यहां तक कि स्कुल औऱ कॉलेजों की जो बच्चियां है, छात्राएं हैं, उनको मोबाइल पर नग्न चित्र और अश्लील SMS भेजना, उनका उत्पीड़न है और एक तरह से उनके भावनाओं को कष्ट पहुंचाना है। अब देश की राजधानी दिल्ली का ही एक उदाहरण मैं आपको देना चाहूंगी। अन्य प्रदेशों में भी इस तरह के उत्पीड़न की और अत्याचार की घटनाएं हो रही है, लेकिन सभी का वर्णन यहां करना बड़ा मुश्किल हैं। दिल्ली में हम जब आए दिन पढ़ते हैं-"दुष्कर्मों के मामले में दिल्ली सबस आगे" , " दिल्ली में सुरक्षित नहीं हैं महिलाएं","बलात्कारः महिलाओं में जबर्दस्त दहशत"," बलात्कार की वारदातें बढ़ी " । मैं कितना पढुं? ये सब headlines अखबारों की है, जो यह बयान करती है कि देश की राजधीनी दिल्ली में कानून और व्यवस्था नाम की की चीज नहीं रह गई है। यहां महिलाएं, चाहे वे अनपढ़ हो, या गरीब परिवार की हो, या संपन्न परिवार की हों, या पढ़ी लिखी हों, पर कोई भी महिला यहां अपने आपको सुरक्षित महसूस नही कर रही है, यहां तक कि छोटी-छोटी बच्चियों को भी अपराधी लोग अपनी हवस का शिकार बना रहे । मायापूरी में अभी हाल ही में एक गर्भवती महिला के साथ रेप किया गया नजफगढ़ में बस में, एक बच्ची के साथ 6 लोगों ने गैंग-रेप किया, जिनमें ड्राईवर औऱ कंडक्टर भी शामिल थे। ऐसी एक नहीं, अनेक

घटनाएं हैं। और पुलिस तथा सरकार केवल तमाशबीन बनी बैठी है। इस तरह की घटनाओं पर रोक नहीं लग रही है। संसद में भी हमारें गृह राज्य मंत्री जी ने 2 मार्च, 2005 को यह स्वीकार किया कि पिछले 3 वर्षों के दौरान दिल्ली में सूचित बलात्कारों के मामले में बढ़ोतरी हुई है। गृह राज्य मंत्री के उसी बयान पर अगर हम गौर करें, तो वर्ष 2002 में बलात्कार के आरोपों में 618 लोगों को गिरफ्तार किया गया था औऱ उनमें से केवल 12 व्यक्ति दोषी सिद्ध हुए हैं, 72 अपराधी तो ऐसे ही छूट गए औऱ बाकी के मामले लंबित हैं. जो मामले लंबित हैं, उनमें दोषी व्यक्ति किसी न किसी तरीके से, कुछ न कुछ रास्ता निकालकर छूट जाएंगे। इसी तरीके से वर्ष 2003 और 2004 में स्थिति और भी ज्यादा भयानक है, जब बलात्कारों की संख्या में इतनी बढ़ोतरी हुई कि 745 लोग इन मामलों में पकड़े गए और इनमें से किसी को भी दोषी करार नहीं दिया गया, सभी के सभी छूट गए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहती हूं कि सरकार को इस अपराघों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। गृह राज्य मंत्री श्री श्रीप्रकाश जायसवाल जी ने भी उस वक्त अपने जवाब में कहा था कि इस अपराधों को रोकने के प्रति सरकार गंभीर है और महिलाओं की सुरक्षा और रक्षा सुनिश्चित करने के लिएकोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी, लेकिन मुझे तो यह महज़ बयानबाज़ी लगती है। क्योंकि" दिल्ली अपराधों की राजधानी" वाली कहावत सच साबित होती जा रही है। गृह राज्य मंत्री जी ने कहा था कि लोक व्यवस्था और पुलिस व्यवस्था राज्य के विषय हैं। मैं यह कहना चाहती हूं कि अन्य प्रदेशों में जो अपराधिक घटनाएं घट रही है, उनको छोड़िए, लेकिन यह देखिए कि दिल्ली में यहां केन्द्र में भी इनकी सरकार है और राज्य में भी इनके दल की सरकार है, फिर इन घटनाओं पर लगाम क्यों नहीं लगाई जाती है, इन चीजों को क्यों नहीं रोका जाता है? यह सारी दास्तान हमें अपना सिर शर्म से झुका लेने पर विवश करती है। देश के अंदर प्रत्येक 51 मिन्ट में एक महिला का यौन उत्पीड़न होता है। प्रत्येक 54 मिनट में एक महिला के साथ बलात्कार हो रहा है, हमारे देश के अन्दर प्रत्येक 102 मिनट में एक दहेज हत्या हो रही है, छेड़छाड़ की एक घटना प्रत्येक मिनट में हो जाती है, उत्पीड़न की एक घटना प्रत्येक 33 मिनट में हो रही है। इसके अतिरिक्त गरीबी के नाम पर कभी बचारी महिला शेख को बेच दी जाती है, तो कभी कोठे पर पहुंचा दी जाती है। कभी नौकरी के लिए बहला-फुसला कर उसके साथ जिस प्रकार का दरिन्दगीपुर्ण व्यवहार होता है.उससे वह महिला कहां से कहां पहुंच जाती है। जब वह बयान करती है, तो हमारे रोंगटे खड़े हो जाते हैं, परिवार में किसी भी मजबूरी के लिए कभी हमने लड़को को बेचते हुए नहीं देखा है। हर मामले मे महिलाएं और कम उम्र की बच्चिया ही इस करह की शिकार होती है।

उससभाध्यक्ष जी, मैं सदन का ध्यान दुसरी तरह भी आकर्षित कराना चाहूंगी, इस मामले में सदन में एक बार चर्चा भी हो चुकी है, इस पर कानून भी बना है।चिकित्सा जगत में अल्ट्रासाउंड

की जो प्रणाली है, वह मानव जाति के लिए शरीर में रोगों का पता तगाने के लिए शुरू की गई थी, लेकिन आज उसका दुरूपयोग हो रहा है। इससे कन्या भ्रूया को पहचान कर खत्म करने का एक सिलसिला शुरू हो गया है। पंजाब और हरियाणा में तो लगातार इस तरीके की कन्या भ्रूणू हत्याएं हो रही है। अब इसका असर दिल्ली में भी हो रहा है। उपसभाध्यक्ष जी, यह सिलसिला ऐसे ही चलता रहा तो दिल्ली कन्या भ्रूणों की कब्रगाह बन जाएगी । कन्या भ्रूण हत्याएं मध्य प्रदेश, राजस्थान बिहार महाराष्ट्र सभी प्रदेशों में है, लेकिन मैं आपको दक्षिण दिल्ली के हौज खास का एक उटाहरण देना चाहूं गी, जहां पर सब पढ़े लिखे लोग रहते हैं, वहां एक हज़ार लड़कों की तुलना में 762 लड़कियां रह रही है। क्यों? वैसे तो सारी की सारी दिल्ली में बहुत खतरनाक तरीके से यह अनुपात घट रहा है। दिल्ली में जो पंजीकृत अल्ट्रासाउंड के संटर्स हैं, उनकी संख्या 1800 हैं वहां पर जो सेक्स सेलेक्शन या लिंग परिक्षण होते हैं, वह कानुनी जुर्म हैं, लेकिन इसके बावजूद भी यह काम बेरोक टोक चल रहा है। कानून से बचने के लिए लोग कूट शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन्होने शॉर्ट फार्म में इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया है। सुना है कि इन अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर जब महिलाएं टेस्ट के लिए जाती है, तो जो रिपोर्ट आती है, उसमें वे बताते हैं कि दूसरी किसी बीमारी का चक-अप कराने के लिए वह रिपोर्ट दी जाती है। लेकिन वह डॉक्टर जो रिपोर्ट देता है, अगर उसमें कहा,' जय माता दी' तो इसका मतलब है कि 'कन्या' है औऱ यह सुन कर महिलाओं के चेहरे मुरझा जाते हैं। अगर उसमें 'जय श्री कृष्ण' कह दिया, तो वह खुश हो जाती है, इसका मतलब है कि वहां लड़का पैदा होने वाला है। इसी तरह से वह कहेगा कि मंडे को रिपोर्ट ले जाना तो इसका मतलब है लड़का मेल चाइल्ड औऱ अगर वह कहेगा कि फ्राइडे को रिपोर्ट ले जाना मतल फ्राइदे शुक्र देवी का दिन होता है यानी कन्या होगी। यह हंसने की बात नहीं है। कानून से बचने के लिए इस तरह से जो रास्ते निकाले जाते हैं, वह हम लोगों के लिए बड़ी चिन्ता वाली बात है। इन सब सेंटरों की जो मासिक रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग की लाइसेंसिंग शाखा को भेजनी पड़ती है. परन्तु इन्हें इसकी भी कोई परवाह नहीं होती है। वे अपना रास्ता हर तरह से निकाल ही लेते हैं। उपसभाध्यक्ष जी, मेरा याह कहना है कि जितने भी पंजीकृत सेंटर्स हैं, इन सेंटरों के हर महीने के आंकड़े मंगवाने चाहिए और आंकड़े मंगवा कर यह देखना चाहिए कि कितनी गर्भवती महिलाओं ने उन सेंटरों में जा कर अपना चेक-अप कराया है। इसके आधार पर फिर पता लगाना चाहिए कि उन महिलाओं में से कितनों को बेटे हुए हैं और किनतों को लड़कियां हुई है। अगर सबके बेटे निकलते हैं, तो यह पता लगाने के बाद ऐसे सेंटरों के खिलाफ कड़ी दण्डात्मक कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि इस पर रोक लग सके।हरियाणा की हालत तो सबसे बुरी है वहां पर लड़कियों को तो जन्म लेते ही मार देते हैं, लेकिन वे बहुएं खरीद कर ला रहे हैं। बड़ी संख्यां में उड़ीसा से, मध्या प्रदेश से, राजस्थान से वेस्ट बंगाल से वे लड़किया.15-15.12-12 वर्ष की होती है। उनकी जिन्दगी किस तरह की बीतती है, इसकी तरफ भी हमारी निगाह जानी चाहिए।

(श्री उपसभापति महोदय, पीठासीन हुए)

जो यातना, जो अत्याचार ये महिलाएं भूगत रही हैं, इससे तो वहां गुलाम बहुओं की एक फौज तैयार हो रही हैं। अगर वहां से निकलना भी चाहे तो भाग नहीं सकती हैं। वह वहां की संस्कृति से वाकिफ नहीं होती हैं। वहां के जो सामाजिक रिति-रिवाज होते हैं, उस में उसे शामिल नहीं किया जाता है। उसे घर के बाहर कोने में तबेला में रखा जाता है। अगर भागने की कोशिश करती है तो कहते हैं कि हम पैसे देकर लेकर आए हैं, कैसे भागकर जाएगी। उपसभाध्यक्ष महोदय यह तो एक उदाहरण है। वहां गांव में बैनर लगी वैन घूमती है, उस में लिखा होता है कि, "आज एक हजार खर्च करो और कल एक लाख बचाओ।" लेकिन अब कानून के दबाव में यह काम दो साल से छिपे तौर पर हो रहे हैं। यह कम नहीं हुआ है बल्कि इस के रेट और बढ़ गए हैं।

इसी तरह से राजस्थान में भी जब सर्वे कराया गया और कुछ परिवारों से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि लड़की तो घर की लक्ष्मी होती है, परिवार की इज्जत होती है, लेकिन उस के आने से परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं और लड़का हो तो फिर कोई जिम्मेदारी नहीं ओढ़नी पड़ती उन्होने भी "लेकिन" शब्द लगा दिया। तो यह स्थिति, यह सोच कितनी भयावह है, इस ओर मैं सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं।

उपसभापति जी, 1901 से लेकर 2001 के बीच में 40 लाख से लेकर साढ़े 3 करोड़ महिलाएं इस देश में कम हुई हैं। इस संबंध में शहरों और गांवों की स्थिति एक जैसी है। इतना ही नहीं आने वाले समय में 2.30 करोड़ लड़कों को बहुएं नहीं मिलेंगी। महोदय, इस गिरते हुए अनुपात का सब से बड़ा कारण sex selection करने वाला परीक्षण है। इस बारे में कानून होने के बावजूद हमें इस पर रोक लगाने में सफलता नहीं मिली है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि इस कारण समाज में जो असमानता और कई प्रकार की विसंगतिया और खराबियां पैदा हो रही हैं जिस का प्रकटकरण महिलाओं के प्रति दुर्भावनापूर्ण आचरण के रूप में होता है। यही कारण है कि महिलाओं की गरिमा और उस के हितों को निरंतर आघात पहुंच रहा है। महिलाओं के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार हो रहा है और उन के साथ हो रहे अत्याचार का खामियाजा पूरे देश और समाज को भूगतना पड़ता है।

उपसभाति जी, अभी एक चित्र प्रतियोगिता हुई जिस मे एक कलाकार ने अपनी पेंटिंग रखी और उस कलाकार की पेंटिंग प्रथम स्थान पर आई। उस पर लोगों ने खूब हंगामा मचाया और कहा कि यह भी कोई चित्र है। इस में टूटा-फूटा दरवाजा दिखायी दे रहा है जिस पर एक हाथ दस्तक दे रहा है। उस में दस्तक देने वाले का चेहरा भी दिखायी नहीं दे रहा है और पता नहीं इन निर्णायकों को क्या हो गया कि दूसरे इतने सुंदर-सुंदर चित्र इस प्रतियोगिता में आए, लेकिन उन को निर्णायोकों ने इनाम नहीं दिया। उन्होंने इनाम एक ऐसे को दिया जिस के सिर का पता है और

न पैर का। उस चित्र के निचे ये शब्द लिखे हैं कि, "घर में कोई नहीं है।" तो इस का क्या अर्थ है? वहां लोग इस प्रकार से आपस में टीका-टीप्पणी कर रहे थे और अगर वह कलाकार वहां नहीं आ जाता तो इन टिप्पणियों का सिलसिला यूं ही चलता रहता। जब उस कलाकार से पूछा गया कि इस का अर्थ क्या है तो उस ने धीमे से मुस्कराकर जवाब दिया कि, यह महिलाओं की स्थिति की अभिव्यक्ति है। उस पर समाज और पूरुष का आधिपत्य इतना हावी रहता है कि उसे उस की अपनी पहचान नजर नहीं आती है। उस ने बताया कि यह ताला जहां उस पर लगे बंधनों का प्रतीक है वहीं यह दस्तक देता हाथ आशा का संकेत है और अंदर से आता महिला का स्वर कि "अंदर कोई नहीं है" यह उस की अपनी पहचान खो देने की ओर इशारा करता है। इस तरह उस कलाकार ने अपने विवरण से वहां उपस्थित लोगों को चुप करा दिया। उपसभापति जी, मैंने सदन में यह बात इसलिए रखी कि यह तो उस कलाकार की कल्पना थी, जो उसने चित्र मे उकेरी थी, लेकिन आज बंद ताले के अन्दर बैठी महिला उस दस्तक की आवाज़ सुन रही है। वह न केवल सुन रही है, बल्कि समाज में जो रूढ़ियां हैं, जो कुरीतियां हैं, उनसे भी संघर्ष करते हूए बाहर निकलना चाहती है। वह उस आवाज को सुन रही है और धीरे-धीरे अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रही है। वह समाज से सवाल भी करने लगी है कि बलात्कार तो पुरुष करे लेकिन उसका खमियाजा और शर्मिंदगी महिला को उठानी पड़े, क्यों? उसमें उसका कोई दोष नहीं होता है। वह सवाल कर रही है कि यह पूर्णतः केवल पुरुषों के साथ ही क्यों है? पवित्रता की अपेक्षा लड़कियों से ही क्यों की जाती है? महिलाओं से ही क्यों की जाती है? दोनों से क्यों नहीं की जाती है? पुरुष से भी की जानी चाहीए। इसी तरीके से परम्पराओं का बोझ केवल महिला ही क्यों ढोए? उसमें पुरुष को भी सहयोगी बनना चाहिए क्योंकि समाज महिला औऱ पुरुष, दोनों से मिलकर बना है। इसलिए उपसभापति नहोदय, मैं आपके माध्यम से सदन से यह मांग करती हूं कि महिलाओं के शील, गरिमा तथा उसके अस्तित्व की रक्षा के साथ ही महिलाओं के आर्थिक, समाजिक और राजनीतिक तथा अन्य सभी अधिकारों को पुनः परिभाषित करते हुए उनके संरक्षण को कानून में सर्वोपरि स्थान दिया जाए।

जब मैं राजनीति की बात करती हूं तो उपसभापति महोदय, संसद के कितने ही सत्र निकल गए। हर सत्र में हम यह सोचते हैं कि इस बार के सत्र में महिला आरक्षण विधेयक, जो 33 प्रतिशत राजनीति के क्षेत्र मे, विधान सभा और संसद में है, जरूर आएगा, लेकिन सत्र पर सत्र गुजरते चले जा रहे हैं, पर महिला आरक्षण बिल अभी तक नहीं आ सका है। यह क्यों नहीं आ सका है, यह कुछ समझ में नहीं आता है। देश की महिलाएं इसका बाट जोहते-जोहते थक गई हैं, जब कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है कि इस बिल को जितनी जल्द हो सके यू.पी.ए. की सरकार लेकर आए। यह बिल जिस रूप में भी आएगा, भारतीय जनता पार्टी आंख बंद करके इसका समर्थन करने के लिए तैयार है।

उपसभापति जी, हम महिलाओं की आर्थिक, समाजिक स्थिति मजबूत करने की बात करते हैं। महिलाओं की यह स्थिति तब तक अधूरी रहेगी, हम तब तक महिलाओं को आर्थिक और समाजिक रूप से मजबूत नहीं कर पाएंगे, जब तक हम राजनीति के क्षेत्र में उसे 33 प्रतिशत आरक्षण, यानी सत्ता में उसकी भागीदारी को नहीं बढ़ाते हैं। सरकार की जो नीतियां हैं, सरकार की जो योजनाएं हैं, सरकार की योजनाओं को बनाने में महिलाओं की भागीदारी होनी चाहिए, जबकि उसकी भागीदारी तो नगण्य है। अभी भी उन्हें रिसीविंग एंड पर रखा जाता है, यानी हम जो देंगे वही आपको मिलेगा। स्थिति यह होनी चाहिए कि महिला को इस रिसीविंग एंड से बाहर निकाला जाए।

महिलाओं की भूमिका विधान बनाने में भी होनी चाहिए। उपसभापति जी, मेरी राय में सत्ता में भागीदारी का मतलब कोई मलाई खाने से नहीं है, बल्कि जो 50 प्रतिशत आबादी महिलाओं की है, जिसके लिए नियम बनाए जाते हैं, महिलाओं के लिए जो कानून बानाए जाते हैं और जो कार्यक्रम बनते हैं, उनमें उसकी भागीदारी नगण्य है। उसमें उसकी भागीदारी होनी चाहिए, जो उसके लिए है। उससे सम्बन्धित नियम-कानून, कार्यक्रमों को बनाने और क्रियान्वयन में उसकी भूमिका होनी चाहिए। यह तभी सम्भव है, जब हम उसको राजनीतिक क्षेत्र में 33 प्रतिशत आरक्षण देंगे। यह तो हमारा संवैधानिक हक भी बनता है।

उपसभापति जी, मेरा दूसरा कहना यह है कि यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऐसे कानूनों के परिपालन और क्रियान्वयन में उदासीनता और लापरवाही तथा loop holes के चलते महिलाओं के हितों पर कुठाराघात न हो। कानूनी प्रावधानों के अलावा समाज की मानसिकता मे बदलाव लाने की दृष्टि से भी व्यापक बदलाव लाने की जरूरत है। ऐसी योजनाएं, जागरूकता अभियान जैसी योजनाएं बनाकर उनको तेजी से लागू करना चाहिए और उन योजनाओं को सख्ती से अमल में लाया जाना चाहिए। सबसे ज्यादा जरूरत आज इस बात की है।

महोदय, हम वर्तमान परिस्थितियों में देखते हैं कि हर प्रदेश में महिलाओं के प्रति जिस तरह से हिंसा की, उत्पीड़न की, अत्याचारों की घटनाएं घट रही हैं, उसको देखते हुए आज मैं इस बात की जरूरत पर बल देना चाहूंगी और सदन में इस बात को रखना चाहूंगी कि न केवल कानून वरन् समूची सरकारी व्यवस्था को जेंडर सेंसटिव बनाया जाना चाहिए और जो भी इसकी अवहेलना करे, उसके लिए कठोर दंड का प्रावधान होना चाहिए और इसके लिए मौत की सजा का प्रावधान करने से भी नहीं हिचकना चाहिए। तभी हम महिलाओं का संरक्षण हो सकेगा, हम समाज और देश के अन्दर नव-निर्माण और देश के विकास के लिए अपना योगदान सुनिश्चित कर पाएंगी।

उपसभापति जी, अंतिम बात कहने से मैं चार लाइनें कहना चाहूंगी, जो एक लेखिका की है-

देश में अगर औरतें अपमानित हैं, नशाद है।

दिल पर हाथ रखकरह कहिए देश क्या आजाद है।।

जिन का पैदा होना ही अपशकुन है, नापाक है।

औरतों की जिंदगी, यह जिंदगी क्या खाक है।।

एक दो होते अगर, तो शायद चुप ही बैठते।

मगर देश में आधे मर्द, तो आधी हम हैं औरतें।।

इसलिए, उपसभापति जी, मैं पूरे सदन का ध्यान इस ओर दिलाना चाहती हूं, जो आज सदन में यह महिलाओं के प्रति उत्पीड़न और अत्याचार की बात रखने की चर्चा है, इस समय हमारी गृह मंत्री जी हमारे सामने बैठे हैं, उनसे मे विशेष आग्रह है कि इन सब परिस्थितियों को देखते हुए ऐसे कठोर कदम उठाए जाएं, ताकि महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों पर रोक लगा सके। धन्यवाद।

डा. प्रभा ठाकुर (राजस्थान): उपसभापति जी, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा हो या बाहरी हिंसा, मैं यहां सदन में यह कहना चाहूंगी कि इस सदन में अनेकों बार महिलाओं के उत्पीड़न को लेकर, शोषण को लेकर, आपराधिक मामलों को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। सदन में उन पर डिबेट्स हुई, विधेयक लाए गए, कानून बने, नियम बने, सरकारों ने महिलाओं को संरक्षण और सुरक्षा देने के लिए कई प्रयास किए। घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानून बना, महिला आयोग के गठन हुए, महिला पुलिस थाने बने और महिलाओं को राहत और संरक्षण देने के लिए फास्ट ट्रेक अदालतें बनीं, लेकिन यथार्थ में इन सब की स्थिति क्या है, जमीनी हकीकत क्या है?

महोदय, यदि हम यह देखें, तो बहुत ही निराशाजनक स्थिति हमारे सामने आती है। मैं तो यह कहना चाहूंगी कि हालत ऐसे बने हैं- "मर्ज बढ़ता ही गया, ज्यों-ज्यों दवा की"। महिलाओं को संरक्षण और सुरक्षा देने के लिए जितने उपाय किए गए, जितने कानून बने, जितने नियम बने, उतनी ही महिलाओं के प्रति हिंसा की वारदातों में वृद्धि होती रही। यह बहुत ही शोचनीय स्थिति है। हम यह सोचने पर मजबूर होते हैं कि देश की सर्वोच्च संस्था, जहां संवैधानिक स्थितियों पर चर्चाएं होती हैं, अदालतों के लिए कानून बनते हैं और कार्यान्वयन के लिए जो तमाम पुलिस और दूसरी व्यवस्थाएं हैं, क्या ये सब व्यवस्थाएं महिलाओं को संरक्षण देने के मामले में बेनामी रह जाती है? इन्हें सशक्त करने के लिए और क्या किया जाए, ताकि सही मायनों

में महिलाओं को शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति मिल सके और वाकई में जो उनके प्रति घरेलू हिंसा, बलात्कार, हत्या, जैसी वारदातें हैं, उनमें कमी आ सके? महोदय, आंकड़े देखने पर मालूम पड़ता है कि नाबालिक बच्चियों के साथ बलात्कार के मामलों में रिकार्ड वृद्धि दर्ज हुई है। वर्ष 2002-03 के मुकाबले यदि वर्ष 2004 के आंकड़े देखें तो हमें इसमें 20 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई देती है, जो एक बहुत ही शोचनीय स्थिति है।

महोदय, तमाम कानूनों के बावजूद, तमाम प्रशासनिक एंव पुलिस व्यवस्था के बावजूद, तमाम शिक्षा के बावजूद, तमाम आर्थिक विकास के बावजूद, तमाम कानून एंव कायदों एंव नियमों के बावजूद, आज इस देश के अन्दर छः वर्ष की बच्ची से लेकर 60 वर्ष की महिला तक के साथ इस प्रकार की स्थितियों के हालात बनते जा रहे हैं, इसीलिए आज सदन में पुनःइस बात की आवश्यकता समझी गई और इसे चर्चा के लिए लाया गया। आज इस सदन में यह चिन्ता प्रकट की जा रही है कि ऐसा किस प्रकार हो कि महिलाओं को शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति मिले और इस प्रकार की वारदातों में कमी आए।

महोदय, मैं राजस्थान से आती हूं और यह बहूत अफसोस की बात है कि राजस्थान में पिछले डेढ़ वर्ष में महिलाओं के प्रति अपराधों में आठ प्रतिशत से अधिक, करीब नौ प्रतिशत वृद्धि हुई है। हालत यहां तक हो गई है कि पिछले दिनों टोंक जिले में किसानों ने आंदोलन किया था और धरना दिया था, उन पर जब पुलिस की गोली चली तो एक गर्भवति महिला जो अपने घर में खाना पका रही थी, वह गोली जाकर उसे लग गई और वहीं पर उसकी मृत्यु हो गई। वहां पर आए दिन हम महिलाओं के साथ ऐसे कितने ही कांडों के बारे में सुन रहे हैं। राजस्थान के अन्दर महिलाओं के साथ अत्याचरा, अप्रहरण, हिंसा, हत्या इत्यादि आए दिन की बातें हो गई हैं। इस प्रकार महिलाओं के प्रति अपराधों में रिकार्ड वृद्धि हुई है, लेकिन मालूम नहीं क्या कारण है कि अभी तक भी सरकार का ध्यान उस ओर नहीं गया। संयोग से राजस्थान में महिला मुख्यमंत्री ही हैं, लेकिन मेरे सामने जो आंकड़े हैं, उन्होंने वर्ष 2004-05 में जो रिकार्ड कायम किया है, इसमें 'State-wise incidents of crime against women' का जो रिकार्ड है, उसमें सबसे ऊपर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एंव राजस्थान के नाम आते हैं। इन तीन प्रदेशों में हालात सबसे अधिक खराब है और इन के बाद दिल्ली का नम्बर आता है।

महोदय, हिन्दुस्तान की राजधानी दिल्ली में आए दिन लड़कियों के साथ जो इस तरह की वारदातें घटित हो रही है, यह भी सारे नियम-कानूनों पर और प्रशासनिक व्यवस्था पर एक प्रश्न चिन्ह लगाता है और इस पर विचार करने की जरूरत है।

महोदय, अगर हम देखें तो महिलाओं पर अत्याचार घर से ही आरम्भ होता है। इसके पीछे कहीं एक सामाजिक सोच का भी बहुत बड़ा योगदान है और यह सोच वहीं से शुरू होती है जहां पर पुत्र

के लिए तो "कुलदीपक" शब्द का प्रयोग किया जाता है और पुत्री को पराया धन कहा जाता है, जब इस प्रकार के विशेषण लगाए जाते हैं और जब समाज में यही सोच है, वहीं से ही लड़की तो परिवार में द्वितीय श्रेणी की सदस्य हो जाती है। इसी सोच का यह परिणाम है कि आज तमाम कोशिशों और कानूनों के बावजूद कन्या भ्रून हत्या की दर में कोई कमी नहीं आई है, अपितु बढ़ोतरी ही हुई है। उपसभापति जी, और भी अधिक खेद और अफोसोस की बात तो यह है कि कन्या भ्रूण हत्या की दर में जो वृद्धि हुई है, यह प्रवृत्ति शिक्षित समाज में अधिक पाई जाती है। जहां उनमें परिवार नियोजन के प्रति जागरुकता आई है, वहीं उनकी मानसिकता यह भी है कि यदि दो बेटे हो जाएं तो वे तो चलेंगे, वे तो मंजूर है, लेकिन उन्हें दो बेटियां स्वीकार नहीं है, परिवार भी सीमित रहना चाहिए। ऐसी स्थिति में बेचारी बालिकाओं का गला, प्रसव से पूर्व, गर्भ में ही घोंट दिया जाता है। हमारे देश में यह प्रवृत्ति ग्रामीण क्षेत्र के मुकाबले शिक्षित समाज के अन्दर अधिक है।

महोदय, इस विषय में बहुत से नियम व कानून बनाए गए, लेकिन जब तक उनका इम्प्लिमेंटेंशन उतनी सख्ती से नहीं होगा, जब तक पुलिस की व्यवस्था ऐसी नहीं होगी कि जो संबंधित अधिकारी है, उन्हें यह भय हो कि यदि हम इस मामले में अपराधी को पकड़ न पाए तो इसका असर हमारे कैरियर पर भी पड़ सकता है, तब तक स्थिति जस की तस रहेगी। यह सारा देश जानता है कि उन्हें कोई भी भय नहीं रहता है, इसीलिए इस तरह के मामलों को लोग पद के प्रभाव से, रुपये के प्रभाव से, राजनैतिक प्रभाव से या आपसी प्रभाव से दबाने में कामयाब हो जाते हैं, लेकिन ऐसी स्थिति में फिर वे महिलाएं न्याय के लिए कहां जाएं? और वे महिलाएंम कहा जाएं न्याय के लिए। आज अगर किसी बच्ची के साथ बलात्कार होती है तथा वह हिम्मत करके अगर हौसला भी जुटाती है कि जाकर के थाना में रिपोर्ट दर्ज कराए और अदालत तक पहुंचे और जब अन्त में वह यह पाती है क्योंकि वैसे तो यह आसान नहीं होता कि जाकर रिपोर्ट दर्ज कराना और केस लड़ना, क्योंकि इसमें पैसा भी लगता है, बार-बार अदालतों के चक्कर काटने पड़ते हैं, ऐसे मामलों में उस सड़की को भी और उसके परिवार वालों को भी, उतना तक पहुंच सकें तो भी जब कई लड़कियों को अगर इसके आंकडे निकालें तो कितनों को न्याय मिल पाता है, उनको एक लम्बी-लम्बी न्याय प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, उसके बाद भी न्याय नहीं मिल पाता है। हताश होकर के वह बच्ची और परिवार वाले जिन्हें यह लगता है कि वे समाज में मुंह दिखाने लायक नहीं रहे, उसके बाद वह कहां फरियाद करने जाएं, क्योंकि ऐसे मामलों को रफा-दफा कर दिया जाता है या दबा दिया जाता है और सारे कानून धरे के धरे रह जाते हैं। जब तक जो कानून बने हैं उनका लाभ पीड़िता को नहीं मिलेगा, महोदय, तब तक उन कानूनों के बनाने का अर्थ क्या है। इसके लिए जब तक कुछ ऐसी भी प्रक्रिया और कानून न हो कि जो वे पुलिस अधिकारी हैं

या और भी संबंधित मामलात से जुड़े हुए जब तक वे सक्षम नहीं हो पाते हैं उसमें आज भी ऐसा पाया जाता है कि मामले को दबाने की कोशिश हो रही है, तो वह कोई जब तक व्यवस्था नहीं होगी, महिलाओं को न्याय नहीं मिल सकेगा, बावजूद सारे कानूनों के और बावजूद इन सारी चर्चाओं के। लेकिन हां, यह जरूर है कि जब चर्चा होती है, बार-बार आवाज उठती है तो उसका असर कहीं न कहीं समाज में होता है, समाज में यह जरूर है कि चाहे धीरे ही सही बच्चियों के बारे में एक सोच में फर्क तो आया है। अब बच्चियों का जन्म दिन भी लोग बड़े उत्साह से मनाते हैं। पिछले दिनों इस सरकार ने जो उत्तराधिकार विधेयक पारित किया जिसमें कि महिलाओं को उत्तराधिकारी के रूप में पुत्र के समान अधिकार दिया है। इससे लड़कियों को जो अधिकार मिला है उससे पूरे देश की महिलाओं का मनोबल बढ़ा है और उनका गौरव बढ़ा है, क्योंकि महोदय, बहुत जरूरी है महिलाओं को ताकत देनी है तो उनका आर्थिक सशक्तिकरण देने की खाली लिप सिम्पैथी जुवानी उससे कुछ होगी नहीं। उसके लिए इस सरकार ने यह एक ठोस कदम उठाया है कि उनकी एक आर्थिक सशक्तिकरण देने की दिशा में एक कार्य किया है।

इसी प्रकार जहां लड़कियों को नौकरी में आरक्षण देने की बात है तथा कई जगह लड़कियों के प्रतिशत सुनिश्चित है, लेकिन इसके मॉनिटरिंग करने की जरूरत है। महोदय, होता यह है कि उतने प्रतिशत महिलाओं की नौकरी सुनिश्चित होती ही नहीं। इसी कारण वे भटकती फिरती है, नौकरियां मिलती नहीं। प्रतिशत तो कहने के लिए है कि उनके लिए 20 प्रतिशत, 30 प्रतिशत आरक्षण है नौकरी में लड़कियों का। तो इस तरह का विधेयक लाया जाए जैसा बालिकाओं की शिक्षा चाहे वे कहीं तक भी पढ़े चाहे वह टेक्नीकल या साइंस से रिलेटिड संस्था हो या वाणिज्य से संबंधित शिक्षा हो, वह उनकी पूरी निःशुल्क हो ताकि आर्थिक रूप से जब वे सक्षम बन पाएंगी, आत्म-निर्भर बन पाएंगी तभी घरेलू हिंसा और बाहरी हिंसा से उनका छुटकारा हो सकेगा जिसके लिए उनका पहला उपाय तो शिक्षा है। हर प्रकार की शिक्षा बच्चियों के लिए निःशुल्क हो। उनका दूसरा उपाय है आर्थिक सशक्तिकरण। यह सुनिश्चित होना चाहिए कि नौकरियों का आरक्षण जो भी प्रतिशत हो वह उनको मिले। इस उत्तराधिकार कानून का कई लोगों ने विरोध भी किया कि अब तो भाई-बहनों में भी इससे झगड़े हो जाएंगे, इस तरह की बात हुई। लेकिन इसका बड़ा अनुकूल प्रभाव पड़ा है, लड़कियों में एक आत्म विश्वास आया है। जब विरोध किया गया तो हमने कहा कि आप क्यों परेशान हैं क्योंकि आपके घर में भी बहु आएगी, उसका भी अपना भविष्य होगा केवल अंतर इतना ही हो जाएगा कि पहले चाबी आपके हाथ में थी अब चाबी लड़की के, बहु के हाथ में होगी। तो उसकी अपनी एक ताकत होगी, उसकी अपनी एक आवाज बनेगी। उससे घर में, परिवार में, ससुराल में उसका एक सम्मान बनेगा और आसानी से चाहे कोई ससुराल वाले हों या पति हो या जो भी हों वे उसका शोषण उत्पीड़न नहीं कर पाएंगे। दहेज के नाम पर इस देश में कितनी हिंसा अभी तक हो रही है, कितने मामले हो रहे हैं – आंकड़े बताते हैं कि

दहेज हत्याओं का सिलसिला अभी जारी है। विधवाओं के साथ जिस तरह का उत्पीड़न जारी है, परित्यक्ताओं को जिस तरह से देखा जाता है, बांझ स्त्रियों का जिस तरह से सामाजिक, मानसिक उत्पीड़न हो रहा है, और तो और जिनके बच्चियां हो जाती हैं, उनकी किस तरह से उपेक्षा और अवहेलना होने लगती है – इन सबके लिए सामाजिक सोच ही जिम्मेदार है। महोदय, यह सोच तभी बदलेगी जब बच्चियां ज्यादा शिक्षित होंगी और सरकार का यह प्रयास होना चाहिए कि वे ज्यादा से ज्यादा शिक्षित हों जिससे कि वे आर्थिक रूप से अधिक सक्षम हो सकें।

महोदय, इसके बारे में चर्चा यहां चली है। मध्य प्रदेश में जिस तरह की स्थितियां हैं और कल ही टी.वी. में दृश्य देखने को मिले – यह ताजतरीन वारदात है – उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में पुलिस वालों ने जिस तरह से पार्क में बैठी हुई बच्चियों के साथ अपना जो पुलिसिया रौब दिखाया है, जिस तरह से उन पर लाठियां बरसाई हैं, वह एक बर्बर उदाहरण है। उत्तर प्रदेश के बारे में सभी जानते हैं कि वहां पर कई तरह के अपराधी और कई तरह के कुख्यात सरगना, कई अपहरणकर्ता और बलात्कारी बेखौफ घूम रहे हैं, उन पर पुलिस का डंडा नहीं चलता है, कमजोर और असहाय लड़कियों के ऊपर ही उनका डंडा चलता है। एक और हृदय विदारक हादसा मैं आपको बताती हूं। पिछले दिनों रेलवे स्टेशन पर एक मां अपनी बच्ची को छोड़ गई, यह वाकया राजस्थान में हुआ। जब पुलिस ने उसके बारे में पता किया तो मां को पकड़ा गया और उस मां ने यह वजह बताई कि क्योंकि उसके दो जुड़वां बच्चियां हुई और उसके पहले भी बच्चियां थीं, इसलिए घर में वह शोषण को झेलने के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं थी। देखिये, उस मां ने कितना कड़ा कलेजा किया होगा कि अपनी बच्ची को, नवजात बच्ची को रेलवे स्टेशन पर जाकर छोड़ा होगा। महिलाओं की परिवार में ऐसी स्थिति है। आज यह स्थिति है कि बच्ची को इस रूप में देखा जाता है कि महिला को यह महसूस होता है कि उस बच्ची की वजह से उसकी उपेक्षा और अपमान बहुत बढ़ जायेगा। तब कहीं जाकर के एक मां यह हौसला करती है कि अपनी बच्ची को छोड़ जाती है। ये तमाम हालात है, जो यह सोचने पर बार-बार विवश करते हैं कि किस प्रकार हम बराबर संशोधन करते रहें, जो भी हमारे पिछले कानून बने हैं, उनमें इतना प्रभावी संशोधन हो कि महिलाओं को शोषण, उत्पीड़न से मुक्ति मिले। कई जगह पर देखकर तो हमें बड़ा अफसोस होता है, जब यह पता चलता है कि रक्षक ही भक्षक बन रहे हैं। कई बार जब हम पुलिस वालों को ऐसे मामलों में लिप्त देखते हैं – बलात्कार संबंधी मामलों में, हिंसा संबंधी मामलों में जब पुलिस वाले ही कई जगह पर लिप्त पाये जाते हैं, तो बड़ा अफोसोस होता है। महोदय, सवाल यह उठता है कि जब रक्षक ही भक्षक होंगे, तो रखवाली कौन करेगा? कई मामलों में हम देखते हैं कि काम की जगहों पर महिलाओं का शोषण होता है, चाहे उनके प्रमोशन का मामला हो, चाहे नौकरी की बहाली का मामला हो, चाहे उनको कोई सर्टिफिकेट देने का मामला हो, चाहे वह खेत मजदूर हो, चाहे वह निजी संस्थानों में काम करती हो या सरकारी में काम करती हो, हर जगह महिलाओं के

सामने कदम-कदम पर बड़ी चुनौतियां हैं, कदम-कदम पर ऐसे कांटे हैं, जिन्हें पार करना पड़ता है। उनके सामने बड़ी-बड़ी कठिनाइयां आती हैं। कई बार हमने समाचार पत्रों में पढ़ा है और दूरदर्शन के माध्यम से देखा है कि बड़े बड़े अधिकारी महिलाओं का शोषण करने में संलिप्त पाये जाते हैं – दिखाये गये हैं बड़े बड़े पुलिस के अधिकारी, प्रशासन के और आर्मी सेवा तक के। जब ऐसी स्थितियां बनती हैं, तो महिलाएं आखिर कहां संरक्षण के लिए जायें? किस तरह से उनका संरक्षण हो, किस तरह से उनको सुरक्षा मिले जिससे वे एक सम्मानजनक जीवन जी सकें – अपने घर में, अपने समाज में – और उनका सचमुच में सशक्तीकरण हो, सचमुच में उन्हें सुरक्षा मिले। यही मैं अंत में कहना चाहूंगी। कहने को यहां स्त्री के बारे में बड़े-बड़े विशेषण हैं, लिप सेम्पैथी के रूप में नारी शक्ति है नारी देवी है नारी लक्ष्मी रुप है लेकिन लक्ष्मी घर में आती हुई बहु के रूप में चाहिए, अगर वह बच्ची के रूप में घर में आ रही है, तो उसका स्वागत नहीं है। मेरी रचना की पक्तियां हैः

नारी जीवन बाधा दौड़,

कर्तव्यों की बलिवेदी पर चुप रहकर मिटते जाना,

अधिकारों का अनजाने में, जानबूझकर छिनते जाना,

पिता-पुत्र या पतिग्रह हो, उसको सुख मिलता तोड़ मरोड़,

नारी जीवन बाधा दौड़।

ऐसी नारी जीती है।

सदियों से छल किया जा रहा, श्रृद्धा की देवी कह कह कर,

रहे निरक्षर या हो साक्षर, उसे मिल रहा न्याय घुमाक्षर,

है महान जब तक है गूंगी।

हम जब तक महान हैं, जब तक हम अपने आरक्षण का सवाल न उठाएं, अपने न्याय का सवाल न उठाएं, वरना कइयों की भौहें तन जाती हैं कि ये महिलाएं आरक्षण की बात क्यों करती हैं? इन्हें नौकरियों में क्यों आरक्षण चाहिए। इन्हें विधान सभाओं में और लोग सभा मे क्यों आरक्षण चाहिए? जो कमजोर है, उसे ही तो आरक्षण चाहिए। उसे ही तो आगे लाने की जरूरत है।

है महान जब तक है गूंगी,

जब तक वे अपना हक छोड़, नारी जीवन बाधा गया,

जौहर हो या अग्नि परीक्षा, हर युग जलती अबला नारी,

रुक जाओ इतना मत रगड़ो, चंदन बन जाए चिंगारी,

सुनो गगन भेदी चीखों को, मुक्त है सारे बंधन तोड़

नारी जीवन बाध दौड़।

तो नारी-जीवन इस बाधा दौड़ से निकले और यह चर्चा सार्थक हो, यही मेरा कहना है।

SHRIMATI BRINDA KARAT (West Bengal): Sir, I appreciate you for giving me time to speak on this very important issue. I have been working for several decades now with one of the leading women's organisations in this country with a membership of 7.5 million, which is the All India Democratic Women's Association. It is on the basis of my experience in that organisation, I would like to bring, through you, Sir, to the notice of the Government and to the House some major issues, which I consider very important, concerning atrocities against women. I support many of the points which have been made by both Maya Singhji and Prabha Thakurji. They are very important points. They have given all the statistical data. I am not going to repeat that.

But I will begin by expressing my deep condolences, and I hope the House will join me in this, to the parents of a young woman called Pratibha, who was an employee at a BPO centre in Bangalore, who, on her return from duty, was raped and murdered. Now, this issue, I believe, has much wider implications for all working women in this country, We believe, when we talk women's advancement, when we talk about women's emancipation, one of the first pre-requisites for that is women's economic independence, and to enhance women's economic independence there has to be enabling environment. All the international conventions, of which India is a signatory, have specifically mentioned the needs of working women precisely in this context. Now we find in many of the cities that a large number of young women are availing of the opportunities of education, particularly, in the IT sector, which is now being claimed to be one of the most important sectors, as far as taking forward the Indian economy is concerned. But I would like to say that lakhs of women are employed in the BPO sector. They have allowed the night shift. I am not against the night shift. But what I say is that you have the night shift without guaranteeing security of women. You have the night shift not as a choice for women, but you have the night shift as mandatory for women where day shift is possible. Therefore, the whole issue of night shift security for lakhs of women in this country has become a crucial concern, after the experience of Pratibha. so many other young women are working in the BPO centres. Therefore, the change in labour

conditions, as far as the BPOs are concerned, as far as the other industries are concerned, is that when they ask for special permission from the Government to run night shift only when they can guarantee security for women, for their transportation and conveyance, should they be given the permission. As a first step, and I hope this House will join me in demanding that, there should be criminal prosecution against the particular person and management of that BPO centre. We don't accept the argument, which is being given, that the transport is being outsourced to another company and it is the transport company which is responsible. What happens? The employer and the employee relationship is then transferred to the driver and the employee or to the transport company and the employee. We can't accept this argument. It is the responsibility of the employer and, therefore, after Pratibha's case, it is essential that a proper investigation, prosecution and change of the laws should be carried out to ensure that it does not happen again. It is a very important point which i hope the Government will consider when we talk about atrocities on women. So far as the working woman is concerned, in this country, the largest number of women are working in the unorganised sector. It is shocking that even though the Supreme court has passed the Vishaka Judgement in 1997 There is no law on sexual harassment. The Government is prepared to bring every other law. The hon. Prime Minister is on record saying that we do not need inspections any more; we have to do away with inspections. How can you do away with inspection? What is going to happen to the rights of working women so far as their security is concerned? You are going to leave it only to the employers. So far as the unorganised sector is concerned, as I was saying, the largest number of women, today, in the new liberal framework, are victims of the worst kind of economic vulnerability. When there is economic vulnerability, when there are fluctuating service conditions, where there are no guarantees of security, is it or is it not the responsibility of the Government to ensure that protective legislations are in place for such a large section of our population, more so, when that population's plight is invisible? If a woman, who has to go day in, day out to the same contractor without any protection and if she is sexually harassed, is it possible for her, when she knows that her job is dependent on him, to go and register a case against the contractor? What is required is proactive Governments, proactive political agendas, proactive laws and agencies which are going to assure that women get a secure environment

so that she can access justice; and this is true for the largest number of working women in this country. I want to bring to the agenda, central to the agenda, the atrocities against working women.

The second point I want to make is, as my colleagues earlier stated, very correctly, that there is a huge increase in the violence against women. It is no exaggeration to say that, today as far as women victims of violence are concerned, whether it is domestic violence or sexual violence, it is a fact that more women have been killed in incidents of violence than any victims of any war fought by India, any victims of any terrorist attack which Indians have faced, that is not to say that I am, in any way, negating or underplaying the extent of what the suffering is when this happens. But is it not a reflection of our double standards that when there is such an extent of violence against women, there is silence as a as the political agendas of mainstream political parties are concerned? And more often than not it is left just to women organisations. My friend Shri Jairam Ramesh asked. "Why only women are speaking?" Exactly that is the point: "Why only women are speaking? We do not want a women compartment. We do want...

मौलाना ओबैदुल्लाह खान आज़मी (मध्य प्रदेश): हम लोग बोलेंगे।

مولانا عبیداللہ خان اعظمی: ہم لوگ بولیں گے-

SHRIMATI BRINDA KARAT: That is good. Thank you. I know and I believe it is only with the support of the whole society that women can access justice. One very, very disturbing feature of the current patterns of violence against women is a fact that a large number of cases are being committed against minors. If you look at the figures of the last three years, whereas, there has been a 20 per cent increase in sexual assaults on minors, there has been a decrease in the conviction rate. In fact, I would say that this reflects the utter failure of the criminal justice system in this country. The point here is as to what can the Home Minister do far this. We are always told that this is a matter for the State Governments. It is true that this is a matter for the State Governments, but what I want to know is: Can there not be a Central framework of guidelines as far as police is concerned, as far as eligibility of judical officers is concerned? My colleagues have raised the issue of increasing

†[ ] Transliteration in Urdu Script.

4.00 P.M.

the sensitivity of officers and personnel who have to deal with these important issues. In fact, as far as we have seen,... the kind of desensitisation of the judicial service- a section of the judiciary, a big section of the police force, these are the primary agencies which are there to bring justice to women, and it is their failure. It there is going to be a continuing failure, then, there is no doubt that this situation of increasing violence is going to continue because we are unable to give a strong message to the perpetrators of violence that if they commit violent acts against women, they are going to be punished, that they are going to be strongly punished. On this, I beg to disagree with my colleague who has talked about death penalty. I know this is ah emotional issue. We also give slogans"बलात्कारियों को फांसी दो"But we know, as far as the reality is concerned, with the low conviction rates, with the conservative approach of many of the Courts, what the demand of the women's organisations is, ensure a time-bound procedure. It is the delay in the judicial process, as far as cases of atrocties against women are concerned, which provide loopholes for perpetrators of violence to get away with it. And, in this connection, while hoping that there are going to be legal reforms on this, what I would also like to state is that there is another area of concern, that is, delay in the cases being dealt with, there are more and more cases of witnesses turning so-called hostile, whether there is pressure or whether there is inducement. Now, just the other day, we passed an Act under which the witnesses turning hostile could be prosecuted. Now, we have a case before us. I don't want to go into individual cases; but just to cite as an example. We know that there is criminalisation of politics. We know that women have to pay a special price and bear a special cost when there is an increasing criminalisation of politics, and we have seen this in a large nunmber of sex scandals which have shaken this country, in which there have been a lot of political people involved. Sir, in the most advanced State of Kerala, there has been a case where a very noted political leader had been involved; he was named as the main accused. As the case is being unduly prolonged, many of the witnesses have also turned hostile. Now this is a Prime example, and this gives an opportunity to the Central Government to persuade the Kerala Government to utilise the new procedures, which are there in the Criminal Law Amendment, and to take proper action,

according to that law, against that particular political personality. I believe that when there is a saluatry example, when important people are convicted and jailed, it will send a very important message to the country that all political parties are united on the fact that anybody who is guilty of atrocity against women would never go scott-free...*(Interruptions)*

SHRI M.P. ABDUSSAMAD SAMADANI (Kerala): Sir, she is referring to Kerala...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No name is mentioned..*(Interruptions)* You are going to speak...*(Interruptions)* Mr. Samadani, your name is there; you are going to speak. And, you justify your stand.

SHRIMATI BRINDA KARAT: Sir, all women are affected, it is a fact that there are certain groups of women who are particularly, vulnerable to violence. And, sometimes, when women are seen as a repository of a community's *izzat,* the honour of that community, often when there is violence, say, communal violence or caste-based violence, we see that it is women who become the vulnerable targets, for a wider message to be sent. Now we have seen this in cases of communal violence.

I would just like to mention about Gujarat. Why I mention about Gujarat is that because the State's Home Department gave a figure of 185 cases of violence against women and girl children in the recent communal genocide in Gujarat. And, how many cases have been registered? Only 11 cases! So, the Government itself is admitting 185 cases and only 11 cases are registered, and they don't say whether it is a case of rape or any other type of violence So, I cannot say that. But, as far as sexual assault is concerned, the victims of sexual assault in periods of communal violence, taking Gujarat as an example, point to the urgent necessity for a separate legislation to deal with victims of communal violence. And, i think, Sir, Gujarat gave us many lessons which we must learn.

Similarly, Sir, as far as caste violence is concerned, we have seen religious *fatwas.* We all know about Imran's case. We know how much Imrana had to suffer because of the *fatwa.* Very Often, Sir, in common perception, *fatwas* are linked to a particular religion. It is not so, Sir. While the country was outraged with the Imrana case, and rightly so, legitimately so, and women's organisations came out in support of Imrana

and expressed their solidarity and help to her in whatever way- and there have been so many cases like that against such *fatwas* in which women themselves have protested, women of Muslim community themselves have strongly protested- at the same time, Sir, what is less' noticed is this whole issue of caste system and *fatwas* on the basis of castes.

My friend here, Mayaji, was talking about Haryana and sex determination etc. There is another very important point that, in this entire region, you have the phenomenon of honour Killings. You will be shocked to know, Sir, that just for the act of choosing one's own partner-if the girl who chooses as her partner a lower caste man-as far as many so-called caste panchayats are concerned, they have committed the greatest crime. They are publicly lynched, they have been killed. There is another phenomenon of missing girls, missing girls who have exercised self-choice of partners and have paid the price for it. when we speak to people about this, there are no laws in this country which deal with honour killings. Ahluwaliaji is not here. But when he was representative of India in the UN, as a rapportuer, there was a statement which was made by the Indian representative which said, "Honour killings do not occur in India." This is an official position of the Government of India. I do not know which Government it is. I do not care about that. The point is, if there is an official statement that honour killings do not exist in India, and if the present Government wants to change that wrong perception, which the NDA Government had given, then it is absolutely necessary to have a separate law for honour killings to recognise that caste today constitutes the greatest barrier for women's advance and caste systems which subordinate women in so many different ways, are one of the instruments through which violence against women, particularly Dalit women, is perpetrated.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Brindaji, you are raising very good points. But there is time-constraint.

SHRIMATI BRINDA KARAT: I am going to complete by summing up my points. I would like to say that we know what the definitions of violence are. We do have very good definitions of violence. But, if you look at the social approach to it, Sir, today, if a woman is harassed in the streets of Delhi, more often than not, you will find people in important offices,

important people who say, "There must be something wrong with the women. Look at the clothes she is wearing." In Bombay, when a young girl was raped in a Police Chowki, there was an editorial written in one of the leading political party's publication which said that girls should be careful about what they wear, which means that you are victimising the victim. It is a different mater that the largest number of women in this country who fact sexual assault is of poor women. It is a different matter that a large number of children are being sexually assaulted, what has it got to do with the clothes that women wear? Even if we look at the clothes that a woman wears, it is the woman's right to decide her own dress code. It is nobody's right to say, "Unless you dress in a particular way, we are going to say that you are provocative and, therefore, you can be a victim of a sexual assault". So, if these social approaches, unfortunately, become linked to the law also, that is where the problem comes. Today, unfortunately, you will be surprised if you just see these two laws, Sections 354 and 509 of the IPC. First of all, eve-teasing' is a ridiculous term. What is eveteasing? You want to trivialise what is clearly sexual harassment-eve as a temptress who is tempting the person to tease her? This is the sort of law of this country! There are many State Governments who use this language There are many State Governments which use this language. We object to that language, the women's organisations have demanded that it should be removed from our statute books. And, Sir, please listen to 509 of the IPC. "Whoever assaults or uses criminal force on any women intending to outrage her modesty..." What has it got to do with anybody's modesty? Why is that intention required? These are completely archaic frameworks of thinking which do not want to criminalise the impermissible sexual male behaviour. Therefore, the laws also have to be in alignment with the thinking of the society, which is that a woman's bodily integrity has to be protected. It is the law's responsibility and social responsibility to do so. I hope, through this debate, Sir, we will all make a commitment to women of this country that our political agendas will also include the important agenda of ensuring an enabling environment so that women can exercise their human rights, their democratic rights and their equal rights to the citizenship of this country.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shrimati S.G. Indira. Your party has got eight minutes.

SHRIMATI S.G. INDIRA (Tamil Nadu): Sir, first of all, I must compliment the hon. Member, Shrimati Brinda Karat for speaking so well. She has covered almost all the points.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: She has covered all the point on behalf of all of you...*(Interruptions)...*Don't repeat those points. You raise new points... *(Interruptions)...*

SHRIMATI S.G. INDIRA: I will not.

SHRIMATI VANGA GEETHA (Andhra Pradesh): Sir, we are also Members of this House. We all associate ourselves with our dear sister Brinda Karat. Sir, we also want to raise some points because women are facing so many problems.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The only thing is, don't repeat those points.

